**ओआईएच**

भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 332**

दिनांक 04 फरवरी, 2025

**पोषण स्मार्ट ग्राम कार्यक्रम**

**332. श्री तनुज पुनिया:**

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान पोषण स्मार्ट ग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश सहित राज्यवार कितनी धनराशि स्वीकृत, आवंटित और व्यय की गई;

(ख) उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में कितने गांवों की पहचान की गई है और उक्त गांवों के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों और उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है और इस संबंध में बाराबंकी जिले का ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त गांवों की महिलाओं के लिए कार्यान्वित कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में बाराबंकी जिले का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

कृषि और किसान कल्याण राज्य मंत्री
(श्री भागीरथ चौधरी)

**(क):** न्यूट्री स्मार्ट विलेज (NSV) एक नवोन्मेषी कार्यक्रम है जो भाकृअनुप-केंद्रीय कृषिरत महिला संस्थान (CIWA), भुवनेश्वर द्वारा नवंबर 2021 में देश भर के 75 गांव में आरंभ किए गए पोषण (POSHAN) अभियान को मजबूती प्रदान करने के लिए है। यह कार्यक्रम आईसीएआर-सीआईडब्ल्यूए, भुवनेश्वर द्वारा कृषिरत महिला पर इसकी 13 अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (AICRP-WIA) केंद्रों के माध्यम से देश के 13 राज्यों में स्थित 75 गांवों में परियोजना मोड (प्रोजेक्ट मोड) में क्रियान्वित किया गया है।

इस कार्यक्रम के लिए अलग से कोई बजट निर्धारित नहीं किया गया है और इसका व्यय भाकृअनुप-केंद्रीय कृषिरत महिला संस्थान (CIWA) तथा अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (AICRP-WIA) के मौजूदा आबंटित बजट में आकस्मिकताओं से पूरा किया गया है।

**(ख) एवं (ग):** उत्तर प्रदेश में अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (AICRP-WIA) का कोई केंद्र नहीं है। इसलिए एनएसवी कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य में क्रियान्वित नहीं किया गया है।

*******